

# एशियाई विकास बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने किया शिवा प्रोजेक्ट का निरीक्षण

हिम लाइव 24 न्यूज
रजनीश महाजन : बिलासपुर :



परियोजना निदेशक एच पी शिवा हिमाचल प्रदेश डा. देविंद्र सिंह ठाकुर ने एशियाई विकास बैंक के एक प्रतिनिधित्व मंडल डेनिस लोपेज डिप्टी टीम लीडर एडीबी, विकास गोयल इरीगेशन एक्सपर्ट एडीबी, संदीप कांडा कार्बन क्रेडिट एक्सपर्ट के साथ तलवाड़ा क्लस्टर, कसोल क्लस्टर व करोट क्लस्टर का निरीक्षण किया। एडीबी प्रतिनिधित्व मंडल ने सर्वप्रथम तलवाड़ा क्लस्टर में चल रहे ड्रिप आटोमेशन कार्य का निरीक्षण किया तथा इरीगेशन स्कीम्स की प्रगति की चर्चा की । प्रतिनिधित्व मंडल ने कसोल व करोट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा बागवानोंस की समस्याओं को भी सुना। डा. देविंद्र सिंह ठाकुर ने प्रतिनिधित्व मंडल को बताया कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से किए जा रहे है । कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है । पौधरोपण का कार्य सिंचाई व्यवस्था पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। ठाकुर ने सभी बागवानों से इकट्ठे होकर समूह में कार्य करने का आग्रह किया और विश्वास दिलाया कि विभाग की तरफ से शत प्रतिशत सहयोग दिया जाएगा। डेनिश लोपेज ने एचपी शिवा क्लस्टर में किए जा रहे कार्यों को सराहा और सभी बागवानों को क्लस्टर अप्रोच में कार्य करने का किए आग्रह किया। विकास गोयल ने कहा कि यहां समूहों की सफलता के बाद ही एडीबी 6000 हेक्टेयर में परियोजना को कार्यान्वित करने की हामी भरी है । संदीप कांडा कार्बन क्रेडिट एक्सपर्ट ने बताया कि कार्बन क्रेडिट करके बागवानों को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध होगा । एच पी शिवा के सभी समूहों की कार्बन क्रेडिट की जाएगी। डा माला शर्मा ने बागवानों व उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधिमंडल का निरीक्षण में उपस्थित रहने के लिए धन्यवाद किया । निरीक्षण में जिला समन्वय अधिकारी डा. रमल अंगारिया, विषयवाद विशेषज्ञ डा. अभिषेक वशिष्ठ, डा. संदीप शर्मा, उद्यान विकास अधिकारी डा. सुरेंदर व डा. अजय, अतिरिक्त उद्यान विकास अधिकारी रतन सिंह व जिला समन्वय सीएचपीएमए डा प्रियदर्शन शर्मा, जल शक्ति विभाग की तरफ से सतीश शर्मा अधिशाषी अभियंता, रविंद्र अतिरिक्त अभियंता भी उपस्थित रहे।

# एडीबी की टीम ने किया एचपी शिवा परियोजना के क्लस्टरों का निरीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बिलासपुर।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की टीम ने रविवार को जिले में एचपी शिवा परियोजना के क्लस्टरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रदेश परियोजना निदेशक डॉ. देविंदर सिंह ठाकुर भी साथ रहे। टीम ने बागवानों के साथ समस्याओं और प्रगति को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल ने जिले में चल रहे परियोजना के कार्यों की सराहना की।

एडीबी प्रतिनिधित्व मंडल ने सबसे पहले तलवाड़ा क्लस्टर में चल रहे ड्रिप ऑटोमेशन कार्य का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने सिंचाई योजना के बारे में अधिकारियों और बागवानों से चर्चा की। इसके प्रतिनिधित्व मंडल ने कसोल और करोट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

यहां पर बागवानों की समस्याओं को भी सुना गया। प्रदेश परियोजना निदेशक डॉ. देविंदर सिंह ठाकुर ने प्रतिनिधित्व मंडल को बताया कि सभी कार्य समयबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं। कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पौधरोपण का कार्य सिंचाई व्यवस्था पूरी होने के बाद ही किया जाएगा। डॉ. देविंदर ने सभी बागवानों से इकट्ठे होकर समूह में कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने बागवानों को विश्वास दिलाया कि विभाग की ओर से उन्हें शत-प्रतिशत सहयोग दिया जाएगा। एडीबी प्रतिनिधिमंडल में शामिल डेनिश लोपेज ने एचपी शिवा परियोजना के कार्यों को सराहा।



बिलासपुर में एचपी शिवा परियोजना का निरीक्षण करने पहुंची एशियाई विकास बैंक टीम और परियोजना अधिकारी। संवाद

एडीबी के सिंचाई विशेषज्ञ विकास गोयल ने कहा कि यहां समूहों की सफलता के बाद ही एडीबी ने 6,000 हेक्टेयर में परियोजना को क्रियान्वित करने की हामी भरी है। एडीबी कार्बन क्रेडिट विशेषज्ञ संदीप कांडा ने बताया कि कार्बन क्रेडिट कर बागवानों को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध होगा। एचपी शिवा के सभी समूहों की कार्बन क्रेडिट की जाएगी। उधर जिला परियोजना निदेशक डॉ. रमल अंगारिया ने बताया कि एडीबी की टीम ने जिले में परियोजना का निरीक्षण किया। टीम को हर पहलू के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बागवानों की समस्याओं का समाधान किया।

जिला उप निदेशक उद्यान विभाग डॉ. माला शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल और सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान का विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक वशिष्ठ, उद्यान विकास अधिकारी डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. सुरेंदर, डॉ. अजय, अतिरिक्त उद्यान विकास अधिकारी रतन सिंह और जिला समन्वय सीएचपीएमए डॉ. प्रियदर्शन शर्मा शामिल रहे। साथ ही जल शक्ति विभाग की ओर से अधिशाषी अभियंता सतीश शर्मा और रविंदर मौजूद रहे।